futuretopper.in

Series GFE7D

Set No. 2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code 32/7/2

अनुक्रमांक / Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

सामाजिक विज्ञान
SOCIAL SCIENCE

निर्धारित समय : 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 80
Time allowed : 3 hours | Maximum Marks : 80

नोट / NOTE :

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **25 + 1** मानचित्र हैं।
Please check that this question paper contains **25** printed pages **+1** Map.

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं।
Please check that this question paper contains **38** questions.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

[ ]

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(ii) *प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों — **क, ख, ग** और **घ** में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड **20** अंकों का है।*

खण्ड क : इतिहास

खण्ड ख : भूगोल

खण्ड ग : राजनीति विज्ञान

खण्ड घ : अर्थशास्त्र

(iii) *इस प्रश्न-पत्र में बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय और केस/स्रोत-आधारित प्रश्न हैं।*

(iv) *बहुविकल्पीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

(v) *अति लघु उत्तरीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। इन प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

(vi) *लघु उत्तरीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

(vii) *दीर्घ उत्तरीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

(viii) *केस-आधारित प्रश्न **4** अंक के हैं, जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं। इन प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

(ix) *मानचित्र-आधारित प्रश्न (दो प्रश्न) **पाँच** अंकों के हैं :*

*खण्ड क (इतिहास) : **2** अंक*
*खण्ड ख (भूगोल) : **3** अंक*

(x) *अपनी उत्तर पुस्तिका को प्रश्न-पत्र के अनुरूप **चार** खण्डों में विभाजित कीजिए – खण्ड क (इतिहास), खण्ड ख (भूगोल), खण्ड ग (राजनीति विज्ञान) तथा खण्ड घ (अर्थशास्त्र)।*
प्रत्येक प्रश्न का उत्तर उसके संबंधित खण्ड में ही लिखना अनिवार्य है।
एक खण्ड के उत्तर दूसरे खण्ड के उत्तर के साथ नहीं लिखने हैं।

(xi) *आवश्यकतानुसार प्रत्येक खण्ड और प्रश्नों के साथ निर्देश दिए गए हैं।*

(xii) *कृपया ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

(xiii) *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। इन प्रश्नों में केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाना चाहिए।*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

General Instructions :

Read the following instructions carefully and follow them :

(i) *This question paper contains **38** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *Question paper is divided into **four** sections — **A**, **B**, **C** and **D**. Each section carries **20** marks.*

Section A : History

Section B : Geography

Section C : Political Science

Section D : Economics

(iii) *The question paper has MCQs, VSAs, SAs, LAs and CBQs.*

(iv) *Multiple Choice Questions (MCQs) carry **1** mark each.*

(v) *Very Short Answer Type Questions (VSAs) carry **2** marks each. Answer to each question should not exceed **40** words.*

(vi) *Short Answer Type Questions (SAs) carry **3** marks each. Answer to each question should not exceed **60** words.*

(vii) *Long Answer Type Questions (LAs) carry **5** marks each. Answer to each question should not exceed **120** words.*

(viii) *There are case-based questions (CBQs) with three sub-questions and are of **4** marks each. Answer to each question should not exceed **100** words.*

(ix) *The map-based questions (two questions) carry **five** marks :*

*Section A (History) : **2** marks*

*Section B (Geography) : **3** marks*

(x) *Divide your answer sheet into **four** sections as per question paper – Section A (History), Section B (Geography), Section C (Political Science) and Section D (Economics).*

It is compulsory to answer each question in its respective section.

Do not mix answers of one section into the other section.

(xi) *Instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

(xii) *Kindly note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

(xiii) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions must be attempted.*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

खण्ड क
(इतिहास)

20

1. निम्नलिखित में से सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए : *1*

	(पुस्तक)	*(लेखक)*
(A)	*आमार जीबन*	ताराबाई शिंदे
(B)	*गुलामगिरी*	रशसुन्दरी देबी
(C)	*बूढ़ी आइर साधु*	लक्ष्मीनाथ बेज़बरुवा
(D)	*संवाद कौमुदी*	पंडिता रमाबाई

2. निम्नलिखित में से किस अधिवेशन में काँग्रेस के 'पूर्ण स्वराज' की माँग को औपचारिक रूप से मान्यता मिली थी ? *1*

(A) कलकत्ता अधिवेशन, 1901
(B) दिल्ली अधिवेशन, 1923
(C) लाहौर अधिवेशन, 1929
(D) बंबई अधिवेशन, 1934

3. दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए :



निम्नलिखित में से किसको 1850 की डाक टिकट में दर्शाया गया है ? *1*

(A) मारीआन
(B) जर्मेनिया
(C) ब्रिटानिया
(D) स्टेला डी'इटालिया

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

SECTION A
(History)

20

1. Choose the correctly matched pair from the following : *1*

	(Book)	*(Author)*
(A)	*Amar Jiban*	Tarabai Shinde
(B)	*Gulamgiri*	Rashsundri Debi
(C)	*Burhi Aair Sadhu*	Lakshminath Bezbaruah
(D)	*Sambad Kaumudi*	Pandita Ramarai

2. In which of the following sessions of the Congress was the demand for 'Purna Swaraj' formally recognised ? *1*

(A) Calcutta Session, 1901

(B) Delhi Session, 1923

(C) Lahore Session, 1929

(D) Bombay Session, 1934

3. Look at the given picture carefully :



Who among the following is depicted in the postage stamp of 1850 ? *1*

(A) Marianne (B) Germania

(C) Britannia (D) Stella d'Italia

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***3*** *के स्थान पर है।*

निम्नलिखित में से किसने 1830 में 'यंग इटली' नामक गुप्त संगठन बनाया ? *1*

(A) विक्टर इमैनुएल
(B) ज्युसेपे मेत्सिनी
(C) ज्युसेपे गैरीबाल्डी
(D) काउंट कावूर

4. निम्नलिखित ऐतिहासिक घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. शुल्क संघ *ज़ॉलवेराइन* की स्थापना
II. नेपोलियन संहिता को लागू करना
III. एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में यूनान की मान्यता
IV. नए जर्मन साम्राज्य की स्थापना

विकल्प :

(A) I, IV, III, II
(B) I, IV, II, III
(C) II, III, I, IV
(D) II, III, IV, I

5. 16वीं सदी के मध्य में चेचक ने किस प्रकार अमेरिका में हथियार के रूप में काम किया था ? स्पष्ट कीजिए। *2*

6. (क) 19वीं सदी के उत्तरार्ध में पोलिश भाषा क्यों रूसी प्रभुत्व के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक बन गई थी ? स्पष्ट कीजिए। *3*

अथवा

(ख) यूरोप में राष्ट्र-राज्य के निर्माण का आदर्श मॉडल 'यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन' को क्यों माना जाता था ? स्पष्ट कीजिए। *3*

7. (क) सविनय अवज्ञा आंदोलन में महिलाओं के योगदान का विश्लेषण कीजिए। *5*

अथवा

(ख) सविनय अवज्ञा आंदोलन में भारतीय 'व्यवसाय वर्गों' के योगदान का विश्लेषण कीजिए। *5*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

Note : *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of* ***Q. No. 3.***

Who among the following founded the secret organisation called 'Young Italy' in 1830 ? *1*

(A) Victor Emmanuel (B) Giuseppe Mazzini

(C) Giuseppe Garibaldi (D) Count Cavour

4. Arrange the following historical events in chronological order and choose the correct option : *1*

I. Formation of the customs union *zollverein*

II. Implementation of the Napoleonic Code

III. Recognition of Greece as an independent nation

IV. Establishment of the new German Empire

Options :

(A) I, IV, III, II (B) I, IV, II, III

(C) II, III, I, IV (D) II, III, IV, I

5. How did smallpox act as a weapon in America in the mid-16th century ? Explain. *2*

6. (a) Why did the Polish language become a symbol of the struggle against Russian dominance in the later half of the 19th century ? Explain. *3*

OR

(b) Why was the 'United Kingdom of Great Britain' considered the ideal model for the formation of nation-states in Europe ? Explain. *3*

7. (a) Analyse the contribution of women in the Civil Disobedience Movement. *5*

OR

(b) Analyse the contribution of Indian 'business classes' in the Civil Disobedience Movement. *5*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

8. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

प्रिंट और प्रतिबंध

ईस्ट इंडिया कंपनी के तहत 1798 से पहले का औपनिवेशिक शासन सेंसरशिप या पाबंदी लगाने के बारे में ज़्यादा परेशान नहीं था। मज़ेदार बात तो यह है कि मुद्रित सामग्री को नियंत्रित करने के इसके शुरुआती क़दम कंपनी के कुप्रशासन की आलोचना करने वाले और कंपनी के हुक्मरानों के काम को कोसने वाले अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ उठे। कंपनी को इस बात की चिंता थी कि इन आलोचनाओं का लाभ उठाकर इंग्लैंड में बैठे इनके निंदक कहीं भारत पर इनके व्यापारिक एकाधिकार पर हमला न बोल दें।

कलकत्ता सर्वोच्च न्यायालय ने 1820 के दशक तक प्रेस की आज़ादी को नियंत्रित करने वाले कुछ क़ानून पास किए और कंपनी ने ब्रितानी शासन का उत्सव मनाने वाले अख़बारों के प्रकाशन को प्रोत्साहन देना चालू कर दिया। अंग्रेज़ी और देसी भाषाओं के अख़बार-संपादकों द्वारा गुहार और अर्ज़ी लगाने के बाद 1835 में गवर्नर जनरल बेंटिंक प्रेस क़ानून की पुनर्समीक्षा करने के लिए राज़ी हो गया। फिर उदारवादी औपनिवेशिक अफ़सर टॉमस मेकॉले ने पहले की आज़ादियों को बहाल करते हुए नए क़ानून बनाए।

(8.1) कंपनी के हुक्मरान मुद्रित सामग्री से क्यों चिंतित हुए ? *1*

(8.2) प्रेस की आज़ादी को नियंत्रित करने के लिए ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा उठाए गए प्रमुख क़दम को स्पष्ट कीजिए। *1*

(8.3) भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रवाद के विस्तार में मुद्रण की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। *2*

9. दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27) पर दो स्थान 'A' और 'B' के रूप में अंकित किए गए हैं। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

A. वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था। *1*

B. वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ा था। *1*

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***9*** *के स्थान पर हैं।*

(9.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था। *1*

(9.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ा था। *1*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

8. Read the given source carefully and answer the questions that follow :

Print and Censorship

Before 1798, the colonial state under the East India Company was not too concerned with censorship. Strangely, its early measures to control printed matter were directed against Englishmen in India who were critical of Company misrule and hated the actions of particular Company officers. The Company was worried that such criticisms might be used by its critics in England to attack its trade monopoly in India.

By the 1820s, the Calcutta Supreme Court passed certain regulations to control press freedom and the Company began encouraging publication of newspapers that would celebrate British rule. In 1835, faced with urgent petitions by editors of English and vernacular newspapers, Governor-General Bentinck agreed to revise press laws. Thomas Macaulay, a liberal colonial official, formulated new rules that restored the earlier freedoms.

(8.1) Why were the Company's executives concerned about the printed content ? *1*

(8.2) Explain the main step taken by the East India Company to control freedom of the Press. *1*

(8.3) Explain the role of printing in the expansion of nationalism during India's freedom movement. *2*

9. Two places 'A' and 'B' have been marked on the given political outline map of **India** (page 27). Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them :

A. The place where the session of the Indian National Congress was held. *1*

B. The place where Gandhiji broke the Salt Law. *1*

Note : *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***9****.*

(9.1) Name the place where the session of the Indian National Congress was held in 1927. *1*

(9.2) Name the place where Gandhiji broke the Salt Law. *1*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

खण्ड ख
(भूगोल)

20

10. भारत में निम्नलिखित बॉक्साइट-उत्पादक राज्यों को अधिकतम से न्यूनतम उत्पादन के क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. महाराष्ट्र

II. गुजरात

III. ओडिशा

IV. मध्य प्रदेश

विकल्प :

(A) I, IV, II, III

(B) I, IV, III, II

(C) III, II, I, IV

(D) III, II, IV, I

11. लौह-अयस्क के प्रकारों से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. मैग्नेटाइट

II. लिग्नाइट

III. हेमाटाइट

IV. ऐन्थ्रासाइट

विकल्प :

(A) केवल I और II सही हैं।

(B) केवल II और III सही हैं।

(C) केवल III और IV सही हैं।

(D) केवल I और III सही हैं।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

SECTION B
(Geography)

20

10. Arrange the following bauxite-producing states in India in order from the highest to the lowest production and choose the correct option : *1*

I. Maharashtra

II. Gujarat

III. Odisha

IV. Madhya Pradesh

Options :

(A) I, IV, II, III

(B) I, IV, III, II

(C) III, II, I, IV

(D) III, II, IV, I

11. Choose the correct option related to the types of iron-ore : *1*

I. Magnetite

II. Lignite

III. Hematite

IV. Anthracite

Options :

(A) Only I and II are correct.

(B) Only II and III are correct.

(C) Only III and IV are correct.

(D) Only I and III are correct.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

12. कर्तन और दहन कृषि प्रणाली से संबंधित स्तंभ I का स्तंभ II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

	स्तंभ I *(कर्तन और दहन प्रणाली का नाम)*		*स्तंभ II* *(राज्य)*
a.	बेवर	i.	ओडिशा
b.	पोडु	ii.	मध्य प्रदेश
c.	पामा डाबी	iii.	झारखंड
d.	कुरुवा	iv.	आंध्र प्रदेश

विकल्प :

(A) a-ii, b-iv, c-iii, d-i

(B) a-ii, b-iv, c-i, d-iii

(C) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(D) a-i, b-iii, c-iv, d-ii

13. बॉक्स में दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और फ़सल से संबंधित सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। *1*

- यह एक भूमध्यरेखीय क्षेत्र की फ़सल है।
- इसके लिए 200 सेमी से अधिक वर्षा की आवश्यकता होती है।
- इसके लिए अधिक तापमान वाली गर्म और आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है।

विकल्प :

(A) रबड़

(B) गन्ना

(C) गेहूँ

(D) तिलहन

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

12. Match Column I with Column II related to the slash and burn agriculture system and choose the correct option : *1*

	Column I (Name of slash and burn system)		*Column II (State)*
a.	Bewar	i.	Odisha
b.	Podu	ii.	Madhya Pradesh
c.	Pama Dabi	iii.	Jharkhand
d.	Kuruwa	iv.	Andhra Pradesh

Options :

(A) a-ii, b-iv, c-iii, d-i

(B) a-ii, b-iv, c-i, d-iii

(C) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(D) a-i, b-iii, c-iv, d-ii

13. Read the information given in the box carefully and choose the most appropriate option related to crop. *1*

- It is a crop from an equatorial region.
- It requires more than 200 cm of rainfall.
- It requires a warm and humid climate with high temperature.

Options :

(A) Rubber

(B) Sugarcane

(C) Wheat

(D) Oilseeds

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

14. नीचे दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

अभिकथन (A) : वन, पारिस्थितिकी तंत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कारण (R) : ये द्वितीयक उत्पादक हैं जिन पर दूसरे सभी जीव निर्भर करते हैं।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

15. भू-निम्नीकरण की समस्या के समाधान के लिए कोई तीन उपाय सुझाइए। *3*

16. (क) उद्योग-जनित वायु प्रदूषण के कारणों को स्पष्ट कीजिए तथा इसको कम करने के उपाय सुझाइए। *2+3=5*

अथवा

(ख) उद्योग-जनित जल प्रदूषण के कारणों को स्पष्ट कीजिए तथा इसको कम करने के उपाय सुझाइए। *2+3=5*

17. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जल आपूर्ति

स्वतंत्रता के बाद भारत में तेजी से औद्योगीकरण और शहरीकरण हुआ और विकास के अवसर प्राप्त हुए। आजकल हर जगह बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ (MNCs) बड़े औद्योगिक घरानों के रूप में फैली हुई हैं। उद्योगों की बढ़ती हुई संख्या के कारण अलवणीय जल संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है। उद्योगों को अत्यधिक जल के अलावा उनको चलाने के लिए ऊर्जा की भी आवश्यकता होती है और इसकी काफी हद तक पूर्ति जल विद्युत से होती है। इसके अलावा शहरों की बढ़ती संख्या और जनसंख्या तथा शहरी जीवन शैली के कारण न केवल जल और ऊर्जा की आवश्यकता में बढ़ोतरी हुई है अपितु इनसे संबंधित समस्याएँ और भी गहरी हुई हैं। यदि आप शहरी आवास समितियों या कालोनियों पर नज़र डालें, तो आप पाएँगे कि उनके अंदर जल पूर्ति के लिए नलकूप स्थापित किए गए हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि शहरों में जल संसाधनों का अति-शोषण हो रहा है और इनकी कमी होती जा रही है।

(17.1) देश के औद्योगीकरण में जल के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। *1*

(17.2) शहरीकरण ने किस प्रकार जल की माँग में वृद्धि की है ? *1*

(17.3) जल संसाधन को अति-शोषण से बचाने के लिए कोई दो उपाय सुझाइए। *2*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

14. Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read both the statements carefully and choose the correct option : *1*

Assertion (A) : Forests play a vital role in the ecosystem.

Reason (R) : They are secondary producers upon which all other organisms depend.

Options :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

15. Suggest any three measures to solve the problem of land degradation. *3*

16. (a) Explain the causes of industrial air pollution and suggest the measures to reduce it. *2+3=5*

OR

(b) Explain the causes of industrial water pollution and suggest the measures to reduce it. *2+3=5*

17. Read the given source carefully and answer the questions that follow :

Water Supply

Post-independent India witnessed intensive industrialisation and urbanisation, creating vast opportunities for us. Today, large industrial houses are as commonplace as the industrial units of many MNCs (Multinational Corporations). The ever-increasing number of industries has made matters worse by exerting pressure on existing freshwater resources. Industries, apart from being heavy users of water, also require power to run them. Much of this energy comes from hydroelectric power. Moreover, multiplying urban centres with large and dense populations and urban lifestyles have not only added to water and energy requirements but have further aggravated the problem. If you look into the housing societies or colonies in the cities, you would find that most of these have their own groundwater pumping devices to meet their water needs. Not surprisingly, we find that fragile water resources are being over-exploited and have caused their depletion in several of these cities.

(17.1) Explain the significance of water in the industrialisation of the country. *1*

(17.2) How has urbanisation increased the demand for water ? *1*

(17.3) Suggest any two measures to prevent the over-exploitation of water resources. *2*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

18. प्रश्न संख्या **9** के लिए दिए गए **भारत** के उसी रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27) पर निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(18.1) तमिलनाडु में स्थित एक प्रमुख लौह-इस्पात संयंत्र

(18.2) चाय उत्पादन में अग्रणी राज्य

(18.3) गुजरात में स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन

(18.4) पंजाब में स्थित एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***18*** *के स्थान पर हैं।*

किन्हीं ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए।* *3×1=3*

(18.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ तमिलनाडु में एक प्रमुख लौह-इस्पात संयंत्र स्थित है।

(18.2) उस राज्य का नाम लिखिए जो चाय उत्पादन में अग्रणी है।

(18.3) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गुजरात में एक प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है।

(18.4) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ पंजाब में एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है।

खण्ड ग

(राजनीति विज्ञान) *20*

19. निम्नलिखित में से किसने चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को अपनी संपत्ति और अपने खिलाफ़ चल रहे आपराधिक मामलों का ब्यौरा शपथ-पत्र के माध्यम से देना अनिवार्य किया ? *1*

(A) भारत का उच्चतम न्यायालय

(B) भारत की केंद्र सरकार

(C) भारत का विधि आयोग

(D) भारत के राजनीतिक दल

20. नीचे दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

अभिकथन (A) : लोकतंत्र एक वैध शासन व्यवस्था है।

कारण (R) : लोकतंत्र में, सभी समूह अपनी भागीदारी के माध्यम से शासन व्यवस्था से जुड़ते हैं।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

18. On the same outline map of **India** (page 27) given for question no. **9**, locate and label any ***three*** of the following with suitable symbols : *3×1=3*

(18.1) A major iron and steel plant located in Tamil Nadu

(18.2) The state leading in tea production

(18.3) A major sea port located in Gujarat

(18.4) An international airport located in Punjab

Note : *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of* ***Q. No. 18****.*

Answer any ***three*** *questions.* *3×1=3*

(18.1) Name the place where a major iron and steel plant is located in Tamil Nadu.

(18.2) Name the state leading in tea production.

(18.3) Name the place where a major sea port is located in Gujarat.

(18.4) Name the place where a major international airport is located in Punjab.

SECTION C
(Political Science) *20*

19. Which of the following made it mandatory for candidates contesting elections to disclose details of their assets and pending criminal cases against them through an affidavit ? *1*

(A) The Supreme Court of India

(B) The Central Government of India

(C) The Law Commission of India

(D) The Political Parties of India

20. Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read both the statements carefully and choose the correct option : *1*

Assertion (A) : Democracy is a legitimate form of government.

Reason (R) : In a democracy, all groups connect with the governance system through their participation.

Options :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

21. श्रीलंका से संबंधित निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. श्रीलंका 1948 में एक स्वतंत्र राष्ट्र बना।

II. श्रीलंका ने 1956 में सिंहली को राजभाषा के रूप में घोषित किया।

III. विश्वविद्यालयों और नौकरियों में श्रीलंकाई तमिलों को प्राथमिकता दी।

IV. श्रीलंका की सरकार द्वारा बौद्ध धर्म को संरक्षण एवं बढ़ावा देने का संवैधानिक प्रावधान किया गया।

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं। (B) केवल I, II और IV सही हैं।

(C) केवल I, III और IV सही हैं। (D) केवल II, III और IV सही हैं।

22. बेल्जियम में अधिकांश लोग निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा बोलते हैं ? *1*

(A) अंग्रेज़ी (B) जर्मन

(C) फ्रेंच (D) डच

23. 'सत्ता के ऊर्ध्वाधर वितरण' का अर्थ है : *1*

(A) कार्यपालिका और विधायिका में सत्ता का बँटवारा

(B) केन्द्र एवं राज्य सरकारों के बीच सत्ता का बँटवारा

(C) कार्यपालिका एवं न्यायपालिका में सत्ता का बँटवारा

(D) राजनीतिक दलों एवं हित समूहों के बीच सत्ता का बँटवारा

24. धार्मिक स्वतंत्रता से संबंधित भारतीय संविधान में वर्णित दो प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए। *2*

25. (क) सत्ता की भागीदारी क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए। *2*

अथवा

(ख) शासन के विभिन्न अंगों में नियंत्रण एवं संतुलन की व्यवस्था को स्पष्ट कीजिए। *2*

26. द्विदलीय व्यवस्था की किन्हीं तीन विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। *3*

27. "सामाजिक टकराव को कम करना लोकतंत्र की महत्त्वपूर्ण विशेषता है।" इस कथन की परख कीजिए। *3*

28. (क) "केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच सत्ता का बँटवारा भारतीय संविधान की बुनियादी व्यवस्था है।" उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। *5*

अथवा

(ख) "भारत में विकेन्द्रीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम 1992 में संवैधानिक संशोधन द्वारा स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था करके उठाया।" उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। *5*

खण्ड घ

(अर्थशास्त्र)

20

29. 'उदारीकरण' की प्रक्रिया कहलाती है : *1*

(A) व्यापार पर नियमन एवं नियंत्रण करना

(B) अधिकाधिक सरकारी संयंत्र स्थापित करना

(C) व्यापार अवरोधकों और प्रतिबंधों को हटाना

(D) देशी निवेशकों को छूट देना

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

21. Read the following statements related to Sri Lanka carefully and choose the correct option : *1*

I. Sri Lanka became an independent nation in 1948.
II. Sri Lanka declared Sinhalese as the official language in 1956.
III. Sri Lankan Tamils were given priority in universities and jobs.
IV. Sri Lankan Government made constitutional provisions to protect and promote Buddhism.

Options :

(A) Only I, II and III are correct. (B) Only I, II and IV are correct.
(C) Only I, III and IV are correct. (D) Only II, III and IV are correct.

22. Which of the following languages is spoken by most people in Belgium ? *1*

(A) English (B) German
(C) French (D) Dutch

23. The meaning of 'vertical distribution of power' is : *1*

(A) Distribution of power between the Executive and the Legislature
(B) Distribution of power between the Union and State Governments
(C) Distribution of power between the Executive and the Judiciary
(D) Distribution of power between the Political Parties and interest groups

24. Explain two provisions related to religious freedom mentioned in the Indian Constitution. *2*

25. (a) Why is power sharing essential ? Explain. *2*

OR

(b) Explain the system of checks and balances among different organs of government. *2*

26. Explain any three characteristics of two-party system. *3*

27. "Reducing social conflict is an important feature of democracy." Examine the statement. *3*

28. (a) "Power sharing between the Union and the State governments is basic to the structure of the Indian Constitution." Support the statement with examples. *5*

OR

(b) "A major step towards decentralisation in India was taken in 1992 by introducing a system of local self-government through a Constitutional Amendment." Support the statement with examples. *5*

SECTION D
(Economics) *20*

29. The process of 'liberalisation' refers to : *1*

(A) Regulating and controlling trade
(B) Establishing more government-owned plants
(C) Removing trade barriers and restrictions
(D) Providing concessions to domestic investors

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

30. भारत में रुपये को विनिमय के माध्यम के रूप में क्यों स्वीकार किया जाता है ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। *1*

(A) विश्व बैंक द्वारा इसे प्राधिकृत किया जाता है।

(B) विश्व व्यापार संगठन द्वारा इसे प्राधिकृत किया जाता है।

(C) राज्य सरकारों द्वारा इसे प्राधिकृत किया जाता है।

(D) भारत सरकार द्वारा इसे प्राधिकृत किया जाता है।

31. नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लिखिए :



दिया गया चित्र निम्नलिखित में से किसको सही रूप में प्रतिबिंबित करता है ? *1*

(A) लक्षित विकास

(B) असमान विकास

(C) समान विकास

(D) सामान्य विकास

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

30. Why is the Rupee accepted as a medium of exchange in India ? Choose the most appropriate option. *1*

(A) It is authorised by the World Bank.

(B) It is authorised by the World Trade Organisation.

(C) It is authorised by the State Governments.

(D) It is authorised by the Government of India.

31. Look at the picture given below carefully and answer the question that follows :



The given picture accurately reflects one of the following : *1*

(A) Targeted development (B) Uneven development

(C) Equal development (D) Normal development

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***31*** *के स्थान पर है।*

एक शिक्षित युवा के लिए विकास का लक्ष्य निम्नलिखित में से कौन-सा हो सकता है ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। *1*

(A) रोजगार के अवसर की उपलब्धता

(B) शादी करके घर बसाना

(C) अपने माता-पिता की सेवा करना

(D) अपने समाज की सेवा करना

32. दी गई तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और वर्ष 2013 की सकल घरेलू आय से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए। *1*

अर्थव्यवस्था के तीन क्षेत्रकों से प्राप्त आय (₹ करोड में)

वर्ष	आय			
	प्राथमिक क्षेत्रक	द्वितीयक क्षेत्रक	तृतीयक क्षेत्रक	विदेशी निवेश
2000	52,000	48,500	1,33,500	50,000
2013	8,00,500	10,74,000	38,68,000	8,00,000

विकल्प :

(A) ₹ 56,42,500 (B) ₹ 56,24,500

(C) ₹ 65,42,500 (D) ₹ 65,24,500

33. शरीर द्रव्यमान सूचकांक (BMI) ज्ञात करने से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए। *1*

(A) भार किलोग्राम में + ऊँचाई का वर्ग मीटर में

(B) भार किलोग्राम में ÷ ऊँचाई का वर्ग मीटर में

(C) भार किलोग्राम में × ऊँचाई का वर्ग मीटर में

(D) भार किलोग्राम में – ऊँचाई का वर्ग मीटर में

34. स्वपना एक छोटी किसान है। वह फसल उत्पादन के लिए पूरी तरह वर्षा पर निर्भर है। स्वपना के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा विकास का प्रमुख लक्ष्य होगा ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। *1*

(A) गाँव में विद्युत का विस्तार

(B) अनाज मंडी का निर्माण

(C) नदियों को जोड़ना

(D) नहर का निर्माण

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

Note : *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***31****.*

Which of the following could be a developmental goal for educated youth ? Choose the most appropriate option. *1*

(A) Availability of employment opportunities

(B) To get married and settle down

(C) To serve their parents

(D) To serve their society

32. Study the given table carefully and choose the correct option related to the Gross Domestic Income for the year 2013. *1*

Income derived from the three sectors of the economy (in ₹ crores)

Year	Income			
	Primary Sector	Secondary Sector	Tertiary Sector	Foreign Investment
2000	52,000	48,500	1,33,500	50,000
2013	8,00,500	10,74,000	38,68,000	8,00,000

Options :

(A) ₹ 56,42,500 (B) ₹ 56,24,500

(C) ₹ 65,42,500 (D) ₹ 65,24,500

33. Choose the correct option related to determining the Body Mass Index (BMI) : *1*

(A) Weight in kilograms + Square of the Height in metres

(B) Weight in kilograms ÷ Square of the Height in metres

(C) Weight in kilograms × Square of the Height in metres

(D) Weight in kilograms – Square of the Height in metres

34. Swapana is a small-scale farmer. She entirely depends on rainfall for her crop production. Which of the following would be a major developmental goal for Swapana ? Choose the most appropriate option. *1*

(A) Extension of electricity to the village

(B) Construction of Anaaj Mandi

(C) Linking rivers

(D) Construction of a canal

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

35. कुछ वैज्ञानिक विकास के वर्तमान प्रकार को धारणीय क्यों नहीं मानते हैं ? स्पष्ट कीजिए। *2*

36. "भारत की केन्द्र एवं राज्य सरकारें विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए विशेष कदम उठा रही हैं।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। *3*

37. (क) "भारतीय अर्थव्यवस्था में तृतीयक क्षेत्रक का योगदान निरंतर बढ़ रहा है।" उपयुक्त उदाहरण देते हुए इस कथन की व्याख्या कीजिए। *5*

अथवा

(ख) "भारत में अर्थव्यवस्था के असंगठित क्षेत्रक में श्रमिकों को संरक्षण एवं सहायता देने की आवश्यकता है।" उपयुक्त उदाहरण देते हुए इस कथन की व्याख्या कीजिए। *5*

38. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

माँग जमा

माँग जमा एक अन्य दिलचस्प सुविधा देता है। यह सुविधा इसे मुद्रा का (विनिमय का माध्यम) महत्त्वपूर्ण लक्षण प्रदान करती है। आपने नकद की बजाय चैक से भुगतान के बारे में सुना होगा। चैक से भुगतान के लिए भुगतानकर्ता, जिसका किसी बैंक में खाता है, एक निश्चित रकम के लिए चैक काटता है। चैक एक ऐसा कागज़ है, जो बैंक को किसी व्यक्ति के खाते से चैक पर लिखे नाम के किसी दूसरे व्यक्ति को एक ख़ास रकम का भुगतान करने का आदेश देता है।

(38.1) 'माँग जमा' को परिभाषित कीजिए। *1*

(38.2) 'माँग जमा' से बैंक को होने वाले लाभ को स्पष्ट कीजिए। *1*

(38.3) चैक द्वारा भुगतान के किन्हीं दो लाभों को स्पष्ट कीजिए। *2*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

35. Why do some scientists not consider the current type of development to be sustainable ? Explain. *2*

36. "The Union and State Governments of India are taking special steps to attract foreign investment." Justify the statement. *3*

37. (a) "The contribution of the tertiary sector to the Indian economy is continuously increasing." Explain the statement by giving appropriate examples. *5*

OR

(b) "There is a need to provide protection and support to workers in the unorganised sector of the economy in India." Explain the statement by giving appropriate examples. *5*

38. Read the given source carefully and answer the questions that follow :

Demand Deposit

Demand deposits offer another interesting facility. It is this facility which lends it the essential characteristics of money (that of a medium of exchange). You would have heard of payments being made by cheques instead of cash. For payment through cheque, the payer who has an account with the bank, makes out a cheque for a specific amount. A cheque is a paper instructing the bank to pay a specific amount from the person's account to the person in whose name the cheque has been issued.

(38.1) Define 'demand deposit'. *1*

(38.2) Explain the benefits that banks derive from 'demand deposit'. *1*

(38.3) Explain any two advantages of making payments by cheque. *2*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

प्रश्न सं. 9 और 18 के लिए **For questions no. 9 and 18**



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE